In accordance with the said circulars, the Company has sent Notice of the AGM along with the Integrated Annual Report 2025-26 on 27th August, 2026, through electronic mode to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company/Registrar & Transfer Agent/ Depository Participants ("DPs"). Further, a letter providing the weblink, including the exact path, where the Integrated Annual Report 2025-26 and the Notice of the AGM for the Financial Year 2025-26 are available, is being sent to those Members whose e-mail address is not registered with the Company / RTA / Depository Participant(s) /Depositories. The Company shall send a physical copy of the Integrated Annual Report 2025-26 to those Members who specifically request for the same at bvdesai@gfl.co.in / bhavesh.jingar@gfl.co.in mentioning their Folio No./ DP ID and Client ID.

The Integrated Annual Report 2025-26 of the Company along with Notice of the AGM is available on the website of the Company at https://gfl.co.in/Annual_Reports.php and on the websites of the Stock Exchanges viz. www.bseindia.com and www.nseindia.com. A copy of the same is also available on the website of the National Securities Depository Limited ('NSDL') at www.evoting.nsdl.com.

**Remote e-voting:**

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Act read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of Listing Regulations, and MCA Circulars, the Company is providing facility of remote e-voting to its Members in respect of the business to be transacted at the AGM and for this purpose, it has appointed NSDL to facilitate voting through electronic means. Accordingly, the facility of casting votes by a Member using remote e-Voting system before the AGM as well as remote e-Voting during the AGM will be provided by NSDL. The voting rights of the Members shall be in proportion to their share of the paid-up equity share capital of the Company as on **17th September, 2026** ("cut-off date").

The detailed instructions for remote e-Voting are given in the Notes to the Notice of the AGM. Members are requested to note the following:

a. The remote e-Voting facility would be available during the following period:

| | |
|---|---|
| EVEN | 141612 |
| Commencement of remote e-voting | Monday, 21st September, 2026 at 9:00 A.M. (IST) |
| End of remote e-voting | Wednesday, 23rd September, 2026 at 5:00 P.M. (IST) |

The remote e-Voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter and Members will not be allowed to vote electronically beyond the said date and time.

b. The voting rights of the Members shall be in proportion to their share of the paid-up Equity Share capital of the Company as on **Thursday, 17th September, 2026** ('cut-off date'). The facility of remote e-Voting shall also be made available during the Meeting and shall be disabled 15 minutes after the conclusion of the Meeting. Members attending the Meeting, who have not already cast their vote by remote e-Voting shall be able to exercise their right to vote during the Meeting. Once the vote on a resolution is cast by the Member, the same shall not be allowed to be changed subsequently. A person whose name is recorded in the Register of Members/Register of Beneficial Owners as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-Voting before/during the AGM. Members who have cast their vote by remote e-Voting prior to the Meeting may attend the Meeting electronically but shall not be entitled to vote on such resolution(s) again.

c. A non-individual Shareholder or Shareholder holding securities in physical mode and who becomes a Member of the Company after the despatch of the Notice and holds shares as on the cut-off date, may obtain the User ID and password for remote e-Voting by sending a request at evoting@nsdl.co.in. However, if the Member is already registered with NSDL for remote e-Voting, then he/she can use his/her existing User ID and password for casting the vote.

d. Individual Shareholders holding securities in demat mode and who acquires shares of the Company and becomes a Member of the Company after despatch of the Notice and holds shares as on the cut-off date may follow the login process mentioned at point 15 of the Notes to the Notice of the AGM. Members can also login by using the existing login credentials of the demat account held through DPs registered with NSDL or Central Depository Services (India) Limited ("CDSL") for remote e-Voting facility.

Mr. Niraj Trivedi, Partner of M/s TNT & Associates, Practicing Company Secretaries, Vadodara has been appointed as the Scrutiniser to scrutinise the remote e-Voting process before/during the AGM in a fair and transparent manner.

In case of any queries/grievances pertaining to remote e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-Voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on: 022 – 4886 7000 and 022 – 2499 7000 or send a request to Ms. Pallavi Mhatre at evoting@nsdl.co.in.

**Dividend and Record Date:**

Members may note that the Board of Directors of the Company at its Meeting held on 26th May, 2026 had recommended a Final Dividend ₹ 3.00 per Equity Share having face value of ₹ 1 each. The Final Dividend, if approved, by the Shareholders in the ensuing AGM, will be paid to those Members whose names appear on the Register of Members of the Company as on **Record Date (cut-off date) 17th September, 2026** in respect of Shares held in physical form and to those beneficial owners of shares (BENPOS) received from NSDL and CDSL, in respect of shares held in demat Form.

**For Gujarat Fluorochemicals Limited**
**Sd/-**
**Bhavin Desai**
**Company Secretary**
**FCS 7952**

**Date: 27th August, 2026**
**Place: Vadodara**



# खाकी एवं हरित रक्षा बंधन

## पेड़ों को संरक्षण संकल्प, छात्राओं को 'रक्षा का वचन'

## महिलाओं ने पुलिसकर्मी एवं पेड़ों को बांधा रक्षा सूत्र
















**राजसमंद ( प्रातःकाल संवाददाता )।** जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा की पहल पर रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा गुरुवार को जिले की समस्त 280 ग्राम पंचायतों में हरित रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनूठे नवाचार के तहत जिलेभर में बेटियों एवं ग्रामीणों ने पेड़ों को राखी बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर लगभग 300 से 350 लोगों की भागीदारी रही। इस प्रकार जिलेभर में लगभग 50 हजार से अधिक लोगों ने हरित रक्षा बंधन अभियान में सहभागिता की। सीईओ बैरवा की इस अभिनव पहल का जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत आत्मा में आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बेटियों ने वृक्षों को राखी बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। जिला कलेक्टर ने हरित रक्षा बंधन को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी एवं अनुकरणीय पहल बताते हुए आमजन से अधिकाधिक पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### पुलिस का 'रक्षा का वचन' अभियान

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राजसमंद पुलिस ने पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय, आत्मीयता एवं विश्वास कायम करने तथा महिलाओं और बालिकाओं में पुलिस के प्रति सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिलेभर में 'रक्षा का वचन' अभियान आयोजित किया। अभियान के तहत ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल को राखी बांधी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बहनों को जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का विश्वास दिलाया। इसी क्रम में कांकरोली स्थित राठौड़सेन माता मंदिर के पास विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान सेल बंशीलाल चनिया, वृत्ताधिकारी राजसमंद नेत्रपाल सिंह, आरपीएस सेजल शेखावत, कांकरोली थाना अधिकारी सरोज बैरवा, यातायात प्रभारी पन्नालाल मेनारिया सहित पुलिस जाप्ता एवं महिला पेट्रोलिंग टीम मौजूद रही। स्थानीय विद्यालय के बच्चों से राखी बंधवाकर उन्हें स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का संदेश दिया गया। पुलिस ने रक्षाबंधन अभियान को सड़क सुरक्षा से भी जोड़ा। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते मिले वाहन चालकों को रोककर इस बार चालान के बजाय राखी बंधवाकर यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा करने का संकल्प दिलाया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को राखी बांधी तथा पुलिस की ओर से उपहार स्वरूप हेलमेट भी वितरित किए गए। आपात स्थिति में 112, महिला एवं वरिष्ठ नागरिक सहायता के लिए 1090, बच्चों की सुरक्षा के लिए 1098 तथा साइबर वित्तीय ठगी की स्थिति में 1930 पर संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया।

### पुलिस थानों में आयोजित हुए कार्यक्रम

**चित्तौड़गढ़।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं में पुलिस के प्रति सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने तथा पुलिस एवं आमजन के मध्य बेहतर समन्वय एवं आत्मीयता स्थापित करने के उद्देश्य से रक्षा का वचन अभियान के तहत जिलेभर में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत जिले के सभी पुलिस थानों एवं पुलिस इकाइयों में महिलाओं एवं बालिकाओं को आमंत्रित कर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राखी बंधवाई गई। इस दौरान पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने भी महिलाओं एवं बालिकाओं से राखी बंधवाई तथा उन्हें रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर है। गुरूवार को गोल प्याऊ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा, पुलिस उपाधीक्षक बृजेश सिंह, उदय सिंह सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं से राखी बंधवाई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर है। महिलाओं एवं बालिकाओं ने भी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राखी बांधकर पुलिस के प्रति विश्वास एवं आत्मीयता व्यक्त की। रक्षा का वचन अभियान के माध्यम से जिलेभर में पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास, सहयोग एवं आत्मीयता को और मजबूत करने का संदेश दिया गया।

### लियो संस्थान की छात्राओं ने बांधी राखी

**बांसवाड़ा।** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में जिला स्वीप प्रकोष्ठ एवं लियो व पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में रिजर्व पुलिस लाइन में एक राखी लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में लियो कॉलेज एवं लियो स्कूल की करीब 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राखी बांधकर लोकतंत्र की मजबूती और शहर की सुरक्षा के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। लियो संस्थान के निदेशक मनीष त्रिवेदी दे बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी नगरीय निकाय चुनावों में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ छात्राओं और पुलिस प्रशासन के बीच आत्मीय संवाद स्थापित करना रहा। जिला स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से जिला इएलसी प्रभारी डॉ. प्रीतेश अधिकारी ने उपस्थित छात्राओं एवं पुलिस कर्मचारियों को आगामी चुनाव में बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के निष्पक्ष एवं अनिवार्य मतदान के लिए प्रेरित किया।

जिला पुलिस अधिक्षक सुधीर कुमार जोशी के निर्देशन में आयोजित रक्षाबन्धन कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह ने विद्यार्थियों एवं पुलिस कर्मचारियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाते हुए निष्पक्ष एवं अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदान करना आवश्यक है। रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को तिलक लगाकर राखी बांधी तथा मिठाई खिलाई। पुलिसकर्मियों ने भी छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। पुलिस विभाग की ओर से छात्राओं को पेन, चॉकलेट एवं जलपान प्रदान कर उनके इस भावनात्मक प्रयास की सराहना की गई।

### गुरुकुल विद्यार्थियों ने बांधे रक्षा सूत्र

**डूंगरपुर।** स्थानीय विद्यालय गुरुकुल सेंट्रल एकेडमी, डूंगरपुर में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर की विद्यार्थियों ने एक भावपूर्ण पहल करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन, कोतवाली एवं सदर थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को रक्षा सूत्र बांधा और समाज की सुरक्षा में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, कोतवाली सीआई हिमांशु सिंह, सदर थानाधिकारी संगीता बंजारा,रिजर्व पुलिस लाइन प्रभारी भैयालाल आंजना एवं ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बंधे। इस शुभ अवसर पर एसपी मनीष कुमार ने छात्राओं के साथ उनके भविष्य एवं सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं के बारे में संवाद कर जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने पुलिसकर्मियों के साथ वृक्षारोपण भी किया तथा इसका मुख्य उद्देश जिस प्रकार पुलिस कर्मी दिन रात सुरक्षा करते हैं उसी प्रकार वृक्ष भी प्रकृति की रक्षा करते हैं। गुरुकुल सेंट्रल एकेडमी,डूंगरपुर के विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक अनूठी पहल पुलिस के जवानों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं आभार हैं, जो 24 घंटे मुस्तेदी के साथ हमारी सुरक्षा करते हैं। साथ ही विद्यार्थियों ने देश और समाज की सुरक्षा में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए पुलिसकर्मियों का आभार जताया।

### रक्षा सूत्र बाँधकर लिया पेड़ों की रक्षा का संकल्प

**फतहनगर।** उपखण्ड क्षेत्र की नूरड़ा ग्राम पंचायत के ढाणा गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए अनूठी पहल की गई। विद्यालय परिसर में लगाए गए पेड़ों को विद्यार्थियों ने रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा, संवर्धन और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। प्रत्येक विद्यार्थी ने एक-एक पेड़ को अपना साथी मानते हुए उसके तने पर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान बच्चों ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों को नियमित रूप से पानी देंगे तथा गर्मी अथवा अन्य मौसम में उनकी आवश्यकता के अनुसार विशेष देखभाल करेंगे। विद्यार्थियों ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रक्षाबंधन पर्व भी उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधे तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और आपसी सहयोग का संदेश दिया। संस्था प्रधान दिनेश बोरीवाल,अनिता गोस्वामी एवं टीना कुंवर झाला ने भी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर गीता कुंवर, चांद कुंवर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा का लिया संकल्प

**कल्याणपुर ।** रक्षाबंधन पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर की छात्राओं ने पुलिस थाना कल्याणपुर पहुंचकर पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व मनाया। प्रधानाचार्य किशनलाल मीणा के निर्देश पर छात्राओं ने पुलिस जवानों को राखी बांधते हुए उनकी कुशलता एवं सुखद जीवन की कामना की। पुलिसकर्मियों ने भी छात्राओं को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया तथा उनकी सुरक्षा के प्रति सदैव तत्पर रहने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा छात्राओं को सतर्क रहते हुए अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में थानाधिकारी सोहनलाल, उपनिरीक्षक नारायणलाल, हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह, कांस्टेबल दिग्विजय सिंह, सतवीर सिंह, सुरेश कुमार, हितेश कुमार पटेल, महिला कांस्टेबल तिरंदा सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय की ओर से पंचायत शिक्षक राजकुमार प्रजापति सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। रक्षाबंधन के इस अनूठे आयोजन ने पुलिस और विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता एवं विश्वास का संदेश दिया।

### छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

**सागवाड़ा।** महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने गुरूवार पुलिस थाने पहुचकर पुलिस अधीकारी,पुलिस कर्मीयो की कलाई पर रक्षा सुद्ध बान्धे। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर जहा पुलिस जनता की सुरक्षा कानुन व्यवस्था बनाये रखने का कार्य करती है जिन्हे भाई बहन के इस रक्षा बंधन पर्व पर घर जाने नही मिलता से जिसके मध्य नगर गौरव पथ मार्ग पर स्थित महिला महाविद्यालय की छात्राओं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पुलिस भैयाओं का कलाई सुनी नही उसे देखते हुए गुरूवार को थाना परिसर में पहुचकर पुलिस विभाग के पुलिस अधिकारी,पुलिस कर्मीयो की कलाई पर रक्षा सुत्र बान्धा गया। महा विद्यालय के प्रभारी रश्मि पुरोहित,हार्दिक पण्डया,जिज्ञासा व्यास,हितेश पण्डया उपस्थित रहे। महिला पुलिस कर्मी ने पुलिस उपअधीक्षक जोशी,थाना प्रभारी खोईवाल सहित स्टॉफ को रक्षा बंधन किया। -

### पुलिस जवानों की कलाई पर सजी राखी

**धरियावद।** रक्षाबंधन पर्व पर आइडियल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने निदेशक कैलाश किकावत व प्रधानाचार्या रजनी वैष्णव के नेतृत्व में धरियावद पुलिस थाना पहुंचकर सीआई हजारीलाल व पुलिस जवानों को राखी बांधी जिसपर पुलिस जवानों ने रक्षा का अटूट भरोसा दिया। सीआई हजारीलाल ने छात्राओं को पेन व मिठाई भेंट की। प्रधानाचार्या रजनी वैष्णव ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। इधर पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में संस्था प्रधान शिव सिंह चौहान के निर्देश पर छात्राओं ने हस्तनिर्मित आकर्षक व रंग-बिरंगी राखियां बनाईं। राखी निर्माण प्रभारी रेणुका गांधी, गुंजन , डॉ रमेश चंद्र, रेखा सुथार, विजेंद्र सुरेंद्र झा, कोमल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता व संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ाना रहा।





**नितिन स्पिनर्स लिमिटेड**

CIN : L17111RJ1992PLC006987
पंजीकृत कार्यालयः- 16-17 कि.मी. स्टोन, चित्तौड़ रोड़,
हमीरगढ, भीलवाड़ा (राज.) 311025
फोन नं. 01482 - 286110 से 113, फेक्स नं. 01482 - 286117
ईमेल - investorrelations@nitinspinners.com वेबसाइट -www.nitinspinners.com

**34वीं वार्षिक साधारण सभा, बुक क्लोजर तथा रिमोट ई-वोटिंग के बारे में नोटिस**

1. कम्पनी के सदस्यो की 34वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) सोमवार, 21 सितम्बर 2026 को 3:00 बजे अपराह्न (आईएसटी) पर विडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ओएवीएम) से एजीएम नोटिस दिनांक 08.08.2026 में निहित व्यवसायों के सम्पादन हेतू, कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के सभी लागू होने योग्य प्रावधानों एवं उनके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र 03/2025 दिनांक 22/09/2025 एवं इस संबंध में पहले के जारी परिपत्र (एमसीए परिपत्र) की अनुपालना में, आयोजित की जा रही है।
2. एजीएम जो कि वीसी/ओएवीएम के माध्यम से होगी में उपस्थित होने की पूर्ण प्रक्रिया एजीएम नोटिस और वेबलिंक https://www.evotingindia.com में है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारको को अधिनियम की धारा-103 के तहत कोरम में गिना जायेगा। एजीएम के लिये प्रतिनिधि नियुक्त करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। उपरोक्त एमसीए परिपत्रों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचीबद्धता बार्ध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) वीनियम, 2015 ( सूचीबद्ध अधिनियम) की अनुपालना में एजीएम नोटिस एवं वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 उन्ही शेयर धारकों एवं अन्य को भेजी गई है जिनके ईमेल पत्ते कंपनी/आरटीए/डिपोजिटरी के पास पंजीकृत थे और जिन शेयरधारकों के ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं थे उन्हें एजीएम नोटिस एवं वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 के वेब लिंक और क्यू.आर.कोड के साथ पत्र 27.08.2026 को भेजे गए है । एजीएम की सार्वजनिक सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 कम्पनी की वेबसाईट www.nitinspinners.com under "Investor Relations", बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी प्रबधंन एवं प्रशासन नियम 2014 के नियम 10 तथा अधिनियम के धारा 91 के प्रावधानों के अनुरूप कम्पनी की रजिस्टर ऑफ मेम्बर्स एवं शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार, 15 सितम्बर, 2026 से सोमवार, 21 सितम्बर, 2026 (दोनों दिन शामिल) तक लाभांश वितरण के अनुक्रम में बन्द रहेगी । एवं सूचीबद्ध अधिनियम के अधिनियम 42 के तहत लाभांश पाने के हक और ई वोटिंग अधिकारों को तय करने के लिए रिकॉर्ड और कट ऑफ तारीख 14 सितम्बर 2026 तय की गई है।
4. कम्पनी प्रबधंन एवं प्रशासन नियम 2014 के नियम संख्या 20 तथा अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुरूप एवं सूचीबद्ध अधिनियम के अधिनियम 44 के अनुक्रम में एजीएम के लिये कम्पनी सदस्यों को प्रस्ताव पारित करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग एवं ई-वोटिंग का अधिकार दे रही है। सदस्य एजीएम के नोटिस में वर्णित सभी प्रस्ताव पर अपने मताधिकार का उपयोग ईलेक्ट्रोनिक सिस्टम से कर सकते हैं। ई-वोटिंग सुविधा के लिए कम्पनी ने सीडीएसएल की सेवाएं ली है ।

एजीएम नोटिस में ''रिमोट ई-वोटिंग/ ई-वोटिंग'' की सम्पूर्ण प्रक्रिया दी गई है। निम्न बिन्दूओं के सम्बन्ध में सदस्यों को सूचित किया जाता है-

a. वही सदस्य एजीएम में ''रिमोट ई-वोटिंग/ ई-वोटिंग'' के लिये पात्र होगा जिसका नाम सदस्य सूची या लाभांश के लिये जमाकर्त्ताओं की अन्तिम सूची (Cut off) दिनांक 14 सितम्बर 2026 की सूची में नाम हो।
b. ''रिमोट ई-वोटिंग'' गुरूवार, दिनांक 17 सितम्बर 2026 को प्रातः 9:00 बजे शुरू होकर रविवार, दिनांक 20 सितम्बर 2026 को सांय 5:00 बजे समाप्त हो जायेगी।
c. ''रिमोट ई-वोटिंग'' के लिये रविवार, दिनांक 20 सितम्बर 2026 को सांय 5:00 बजे के बाद अनुमति नहीं दी जायेगी।
d. ''ई-वोटिंग'' की सुविधा उन शेयर धारकों को दी जायेगी जिन्होने ''रिमोट ई-वोटिंग'' से अपना वोट नहीं डाला और वे एजीएम में भाग ले रहे हैं।
e. जिन सदस्यों ने एजीएम के पहले ''रिमोट ई-वोटिंग'' से अपना वोट डाला हैं, वे एजीएम में शामिल तो हो सकते है परन्तु ''ई-वोटिंग'' नहीं कर सकते।
f. कोई भी व्यक्ति जो एजीएम की सूचना भेजने के बाद कम्पनी के शेयर प्राप्त कर कम्पनी का सदस्य बन जाता है और शेयर की अन्तिम सूची दिनांक 14 सितम्बर 2026 में शामिल है। वह helpdesk.evoting@cdslindia.com. से लोगिन आई.डी. व पासवर्ड प्राप्त कर सकता हैं। यदि कोई सदस्य पहले से ही सीडीएसएल पर पहले से रजिस्टर्ड है तो ई-वोटिंग के लिए अपने पूर्ववर्ती आईडी व पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
g. ''ई-वोटिंग'' के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी/शिकायत होने पर आप श्रीमान् राकेश दलवी, सिनियर मेनेजर, सीडीएसएल, ए-विंग, 25वीं मंजिल, मेराथन फूटरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई-400013, ईमेल- helpdesk.evoting@cdslindia.com. हेल्प डेस्क नम्बर-18002109911 पर सम्पर्क करें।

निदेशक मण्डल के आदेश से
**कृते नितिन स्पिनर्स लिमिटेड**
**सुधीर गर्ग**
**कंपनी सचिव व उपाध्यक्ष (विधि)**
**सदस्यता सं. -ए.सी.एस. 9684**

**स्थान : भीलवाड़ा**
**दिनांक : 27.08.2026**


# रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में रौनक




**चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से ठीक एक दिन पहले चित्तौड़गढ़ शहर के बाजार गुलजार हो उठे, जहां त्यौहार की खरीददारी के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। पूरे दिन बाजारों में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। बहनें अपने भाइयों के लिए राखी खरीदने पहुंचीं, वहीं मिठाई और श्रीफल की दुकानों पर भी खूब रौनक देखने को मिली। बाजार में राखियो की दुकानों पर सबसे ज्यादा चहल-पहल दिखी। महिलाएं एक से बढ़कर एक खूबसूरत राखिया खरीदने में व्यस्त थीं। बच्चों ने अपनी पसंद की कार्टून वाली राखिया, जैसे छोटा भीम, डोरेमोन, और स्पाइडर-मैन वाली राखिया खरीदीं। रक्षाबंधन पर मिठाइयों का खास महत्व होता है।

### चित्तौड़गढ़ डीपो की 65 बसों में फ्री सफर

रक्षाबंधन पर्व पर सरकार इस बार महिलाओं को रोडवेज बसों में दो दिन निशुल्क सफर की सुविधा देने जा रही है। हर बार एक दिन यानी 24 घंटे ही यह सुविधा मिलती थी। महिला एवं बालिका वर्ग को निशुल्क सफर कराने के लिए रोडवेज प्रशासन तैयारियों में जुटा है। स्टाफ के अवकाश रद्द कर दिए गए। रक्षाबंधन पर इस बार 28 अगस्त रात 12 बजे से 29 अगस्त रात 12 बजे तक रोडवेज की एक्सप्रेस, ब्लू लाइन और साधारण बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। अकेले चित्तौड़ डिपो की 65 बसों में यह तोहफा मिलेगा। यहां से गुजरने वाली अन्य डिपो की इन श्रेणी की बसों में भी निशुल्क यात्रा का लाभ महिला वर्ग को मिलेगा। लग्जरी बसों में सीट बुक होने के बाद अतिरिक्त यात्रियों को बैठाने की व्यवस्था नहीं होती। इन बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा नहीं कराई जाती, लेकिन टिकट राशि में 50 प्रतिशत छूट दी जाती है। ऐसे में भीड़ से बचने और कन्फर्म टिकट के लिए लोग लग्जरी बसों में टिकट बुक करवा रहे हैं। चित्तौड़ से गुजरने वाली रोडवेज की सात वोल्वो बसों में लगभग सीटें फुल हो गई हैं।




### राखी व कपड़ों की दूकानों में जमावड़ा

**डूंगरपुर।** भाई-बहिन के प्रेम का पवित्र त्यौहार रक्षा-बंधन पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ समूचे वाग्वर अंचल में श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर शुभ मुहुर्त में ही रक्षा-सूत्र बांधकर बहिनों ने भाईयों की लम्बी उम्र दराजी की कामनाएं करेंगी। फुटपाथ के अलावा शहर में कई स्थानों पर अस्थायी दुकानें भी सजा हुई है। त्यौहार को देखते हुए मिठाईयों की दूकाने भी सजीधनी हुई है। रक्षा बंधन के अवसर शुभ मुहुर्त पर मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे। वही ब्राह्मणों द्वारा मंदिरों में जाकर अपने जेनऊ को बदल कर परम्परागत रीति-रिवाजों का निर्वहन भी किया जायेगा।

विद्यानिकेतन बालिका माध्यमिक विद्यालय, इंजीनियर की गली, डूंगरपुर में रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ उत्सव प्रभारी, आशा दीदी के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने उत्साहपूर्वक सुंदर राखियाँ बनाईं। कार्य म में आचार्य कुलदीप भट्ट ने रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पर्व है। उन्होंने सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मनीषा दीदी, बालमुकुंद एवं आशा कटारा उपस्थित रहे।

### रक्षाबंधन की बाजारों में उमड़ी भीड़, बहनों नेखरीदी राखियां

**खेरोदा।** रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में सुबह से ही रौनक और ग्राहकों की भारी चहल-पहल देखने को मिली। रंग-बिरंगी राखियों, कपड़ों और मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों का तांता लगा रहा। जिससे पूरे बाजार क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर सजाने के लिए पारंपरिक रेशमी धागों से लेकर डिजाइनर, कुंदन, और बच्चों के लिए मनपसंद कार्टून वाली राखियों की जमकर खरीदारी की। राखी के साथ-साथ भाइयों का मुंह मीठा कराने के लिए घेवर, काजू कतली और अन्य पारंपरिक मिठाइयों की दुकानों पर भी दिनभर भारी भीड़ रही। वहीं भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन देने के साथ-साथ खास उपहार देने के लिए तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी। चारों ओर त्योहार और खरीदारी नजर आई।




### धरियावद में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर खरीदारी परवान पर

**धरियावद।** भाई-बहन के अटूट स्नेह और पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार शुक्रवार को समूचे नगर क्षेत्र में हर्षोल्लास व विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ मनाया जाएगा। पर्व की पूर्व संध्या पर गुरुवार को धरियावद के मुख्य बाजारों में खासी चहल-पहल देखने को मिली। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर नगर के प्रमुख व्यावसायिक स्थलों पर सुबह से ही ग्रामीण अंचल से आए खरीदारों का सैलाब उमड़ पड़ा। ग्राहकों की आवाजाही से दिनभर बाजार गुलजार रहे। बाजारों में सजीं स्टॉलें, खरीदारों से रौनक त्योहार को लेकर नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों होली चौक, कबूतर खाना, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार, उदयपुर रोड तथा सलूंबर रोड पर राखियों और मिठाई की विशेष दुकानें व रंग-बिरंगी स्टॉलें सजाई गईं। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं और युवतियों ने अपनी पसंद की राखियों की जमकर खरीदारी की साथ ही नारियल एवं पूजन सामग्री की भी जमकर खरीदारी देखने को मिली। बाजारों में इस बार पारंपरिक रेशमी धागों की राखियों के साथ-साथ फैंसी राखियों की श्रृंखला उपलब्ध है। हालांकि, बहनों के बीच रंग-बिरंगी रेशम की राखियों और आकर्षक 'चांदी वर्क' वाली राखियों का विशेष क्रेज देखा जा रहा है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।





**कार्यालय ग्राम पंचायत खोड़ीप, पं. स. भदेसर**

क्रमांक/ ई निविदा/ 2026-27/ 31 | दिनांक : 22/08/2026

**ई- निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खोड़ीप में वर्ष-2026-27 में VBGRAMG योजनान्तर्गत सामग्री क्रय करने एवं साफ सफाई, घर-घर कचरा संग्रहण कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1996 के तहत राज्य सरकार में अधिकृत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं 01/09/2026 सांय 6 बजे तक आमंत्रित की जाती है। शर्तें एवं पूर्ण विवरण वेबसाईट पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| | | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छता | ZCH2627A1199 | ZCH2627WSOB01624 |
| 2 | पेयजल हेतु बोर खनन | ZCH2627A1201 | ZCH2627WSOB01626 |
| 3 | VBGRAMG में सामग्री क्रय | ZCH2627A1198 | ZCH2627GLOB01623 |
| 4 | पेयजल हेतु मोटर एवं सामग्री | ZCH2627A1200 | ZCH2627GSOB01625 |

**भरत मेनारिया-ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा. पं. खोड़ीप, पं. स. भदेसरग्रा.**

**अशोक कुमावत- प्रशासक**
**पं. खोड़ीप, पं. स. भदेसर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत उसरोल**
**पंचायत समिति भुपालसागर जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/ ग्रापउ/ 2026-27/ 55 | **ई- निविदा सूचना** | दिनांक : 27/08/2026

ग्राम पंचायत उसरोल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्नानुसार कार्य करवाये जाने हैं।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| ZCH2627A1262 | ZCH2627WSOB01699 |
| ZCH2627A1263 | ZCH2627WSOB01700 |
| ZCH2627A1265 | ZCH2627WSOB01702 |
| ZCH2627A1266 | ZCH2627WSOB01703 |
| ZCH2627A1267 | ZCH2627WSOB01704 |

उक्त कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/ केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत संवेदकों ई-निविदाऐं आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 27.08.2026 से 02.09.2026 सांय 05.00 बजे तक डाउनलोड, की जा सकती है।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी/ शर्तें वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

**प्रशासक- ग्राम पंचायत उसरोल** | **ग्राम विकास अधिकारी- ग्राम पंचायत उसरोल**